हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 3 जुलाई, 2025

तापमान
अधिकतम 37.4 डिग्री
न्यूनतम 24.3 डिग्री

12 जलभराव से निपटने के लिए 56 पंपों की व्यवस्था



12 बस अड्डे पर चला नशे के खिलाफ अभियान



## खबर संक्षेप

### पानीपत में बच्ची के साथ डिजिटल रेप, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत में एक फैक्टरी में एक व्यक्ति ने अपने सहकर्मी की पांच साल की बेटी से डिजिटल रेप किया। वहीं, पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित लड़की के पिता मूल निवासी अमेठी, उत्तर प्रदेश हाल निवासी पानीपत ने बताया कि वह, एक फैक्टी में लोडिंग का काम करता है। वहीं, 30 जून को वह फैक्टरी में अपनी बेटी को साथ लेकर आया था। इस दौरान उसका सहकर्मी राकेश केबिन में चला गया और उसकी बेटी के गुप्त अंगों के साथ छेड़खानी की।

### नकली सोने की मूर्ति बेचने वाला गिरफ्तार

**पानीपत।** सोनीपत के माडल टाउन निवासी सोमनाथ को नकली सोने की मूर्ति थमाकर एक लाख रूपए की ठगी करने वाले गिरोह के आरोपी रविंद्र निवासी पेसोहडा नालंदा बिहार हाल किरायेदार झट्टीपुर को एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज रोहताश ने बताया कि रविंद्र को कोर्ट से तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है, ताकि आरोपी के फरार साथियों की जानकारी लेकर उन्हें भी गिरफ्तार किया जा सके।

### कबूतरबाजी के आरोप में युवक को गिरफ्तार किया

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस ने गांव आटा निवासी गौरव व इसके चचेरे भाई संदीप उर्फ मग्गू को कनाडा भेजने के नाम पर 14 लाख 67 हजार 125 रूपए की धोखाधड़ी करने के आरोपी करनाल के घोघडीपुर गांव निवासी विजयपाल उर्फ डिम्पी को गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि इस मामले में थाना समालखा की हथवाला चौकी में गांव आटा निवासी गौरव पुत्र दिलावर की शिकायत पर केस दर्ज है।

### खेल महाकुंभ के लिए ट्रायल 4 व 5 जुलाई को

**करनाल।** हरियाणा सरकार के खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के लिए ट्रायल आगामी 4 और 5 जुलाई को करनाल में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। खेल उपनिदेशक राकेश पांडे ने बताया कि पुरुष व महिला वर्ग की ओपन कैटेगरी में 26 खेलों के लिए ट्रायल होंगे। ट्रायल में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र/शैक्षणिक संस्था का प्रमाण और 2 पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है।

### आदि बद्री जंगल से खैर के 12 पेड़ चोरी किए

**यमुनानगर।** खैर तस्करों ने श्राइन बोर्ड आदि बद्री जंगल से खैर से 12 पेड़ काट कर चोरी कर लिए। पुलिस ने बिलासपुर एसडीएम की शिकायत पर अज्ञात खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। श्राइन बार्ड और उप मंडल अधिकारी जसपाल सिंह ने बताया कि आदि बद्री के जंगल में खैर के पेड़ लगे हुए हैं। 29 जून को उसे सूचना मिली थी कि जंगल से तस्करों ने खैर के पेड़ काट कर चोरी कर लिए हैं। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके का मुआयना किया। इस दौरान उसे आदि बद्री जंगल से खैर के 12 पेड़ कटे मिले। जिसकी कीमत करीब 20 हजार रुपये है। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

### कुवि में आवेदन तिथि 7 जुलाई तक बढ़ाई

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन ने सत्र 2025-26 की प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत 23 पीजी पाठ्यक्रमों के दाखिले को मेरिट के आधार पर करवाने का निर्णय लिया है। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए केयू प्रशासन द्वारा 7 जुलाई तक आनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाई गई है। आवेदक अब एम.ए.एजुकेशन, एम.एड. स्पेशल एजुकेशन (वी.आई), एम.एस.सी. मास कम्युनिकेशन, एम.एस.सी. प्रिंटिंग, आदि विषयों में 7 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।

---

### कब्जाधारकों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर किया था आत्मदाह का ऐलान

# निलंबित महिला सरपंच ने आत्मदाह का प्रयास किया, बवाल के बाद गिरफ्तार

### एसडीएम के समक्ष पेश कर जमानत पर रिहा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- एक दिन पहले ही डीसी ने कर दिया था माजरा गांव की सरपंच को निलंबित



**अंबाला।** निलंबित सरपंच को हिरासत लेती पुलिस।

माजरा गांव की निलंबित महिला सरपंच नेहा शर्मा द्वारा आत्मदाह की कोशिश करने पर बवाल हो गया। सरपंच ने तय ऐलान के तहत त्रिवेणी चौक पर आत्मदाह करने की कोशिश की। इससे पहले ही पुलिस ने नेहा शर्मा को गिरफ्तार कर लिया और एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। हालांकि उन्हें तुरंत जमानत पर रिहा कर दिया गया। उधर इस कार्रवाई के विरोध में नेहा के ससुर एवं पूर्व सरपंच सतीश शर्मा ने भी आत्मदाह करने का ऐलान किया है। इससे पहले मंगलवार को डीसी अजय सिंह तोमर ने सरपंच नेहा शर्मा को आत्मदाह की धमकी देने की वजह से सस्पेंड करने के आदेश जारी किए थे।

#### गांव में रैली भी निकाली

हालांकि डीसी की इस कार्रवाई के खिलाफ बुधवार सुबह नेहा शर्मा ने ग्रामीणों के साथ गांव में रैली निकाली। इसके बाद वह त्रिवेणी चौक पर पहुंच गईं। यहां उसने खुद को आग लगाने की कोशिश की। तभी पुलिस ने सरपंच को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान सरपंच के समर्थकों और पुलिस में झड़प भी हुई। इससे पहले निलंबित सरपंच नेहा शर्मा ने बताया कि माजरा गांव की पंचायत जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा किया हुआ है। पंचायत ने प्रस्ताव पास कर इस जमीन को खाली करवाने का निर्णय लिया था। इसको लेकर लेकर प्रशासन को कई पत्र भी भेजने की बात कही गई। 24 जून को कब्जा खाली कराने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्त की गई। इसके बाद पुलिस फोर्स के साथ अधिकारी माजरा गांव पहुंचे लेकिन कब्जा खाली करवाए बगैर लौट गए। इसके विरोध में नेहा शर्मा ने 26 जून को प्रशासन को एक शपथपत्र देकर कहा कि कब्जाधारियों के पास कोई भी कोर्ट के स्टे का ऑर्डर नहीं था। फिर भी प्रशासन ने कब्जा नहीं हटवाया। इस बदनामी को वह सहन नहीं कर पा रही है इसलिए 2 जुलाई को उसने प्रशासन को आत्मदाह करने की धमकी दी थी।

#### पोस्टर भी जारी किया था

बाकायदा एक पोस्टर भी इसको लेकर जारी किया गया था। बीडीपीओ की ओर से डीसी को पूरे मामले से अवगत करवाया गया था। इसके बाद डीसी अजय तोमर ने सरपंच नेहा शर्मा पर प्रशासन पर दबाव बनाने के आरोपों को लेकर कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि सरपंच ने विवाद को प्रशासनिक तरीके से सुलझाने की बजाय प्रशासन पर अनावश्यक दबाव बनाने की कोशिश की है। इसी आधार पर डीसी ने हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 51 (1)(बी) के तहत नेहा शर्मा को तत्काल प्रभाव से सरपंच पद से निलंबित कर दिया था।

#### ससुर ने दी धमकी

कब्जाधारकों के खिलाफ कार्रवाई न होने से अब नेहा शर्मा के ससुर सतीश शर्मा ने भी आत्मदाह करने की धमकी दी है। सतीश शर्मा भी माजरा के सरपंच रह चुके हैं। जबकि नेहा की सास वीना देवी भी ब्लॉक समिति की सदस्य रह चुकी हैं। हिरासत में लिए जाने के बाद नेहा की आत्मदाह करने की कोशिश बेकार हो गई है।

---

# हैफेड के दो मैनेजर सस्पेंड पुलिस में भी दी शिकायत

- मंडी में सूरजमुखी की बोरियां फिर से पहुंचने पर कार्रवाई
- निलंबित मैनेजरों के साथ कई पर दर्ज हो सकता है केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर की अनाज मंडी में 29 जून को बिकी हुई सूरजमुखी की बोरियां फिर से पहुंचने के मामले में हैफेड ने दो मैनेजरों को सस्पेंड कर दिया है। सस्पेंड किए गए मैनेजर में रितू बाला व विजय ढिल्लों शामिल हैं। दोनों अधिकारियों के खिलाफ पुलिस को भी शिकायत दी गई है।

डीसी अजय सिंह तोमर ने इस मामले की शिकायत मिलते ही एसडीएम की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित करते हुए सूरजमुखी मामले की जांच करने के निर्देश दिए थे। प्रारंभिक जांच में दोनों मैनेजरों की संलिप्तता पाई गई थी। इसके बाद यह कार्रवाई अमल में लाई गई है।बता दें कि अनाजमंडी में 29 जून को बिना गेट पास के दो ट्रक सूरजमुखी की बोरियों सहित दाखिल हो गए थे। बावजूद मार्केट कमेटी के अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लगी थी। जब मामले की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो मार्केट कमेटी सचिव सहित अन्य अधिकारी हरकत में आए थे। तब तक एक ट्रक की बोरियां उतर गई थी। बाद में मार्केट कमेटी के अधिकारी ने काम बंद करवा दिया था। इसके साथ ही मंडी में हैफेड की ओर से भी कोई अधिकारी मौजूद नहीं था। ट्रक में जो बोरियां थी उन पर हैफेड की खरीद के बाद लगने वाली मोहर लगी हुई थी। इस मामले ने मंडी में खरीद पर सवाल खड़े कर दिए है। मामले के तूल पकड़ने के बाद अंबाला शहर एसडीएम जांच कर रहे थे। एसडीएम दर्शन कुमार ने कमेटी बनाकर मामले की जांच करने के निर्देश दिए थे। इस संबंध में मंडी के आढ़तियों का भी रिकॉर्ड तलब कर जांच की गई थी। जांच में गड़बड़ी पाए जाने के बाद दोनों मैनेजर सस्पेंड किए गए हैं।

#### आढ़ती भी शामिल

इस मामले में अब सुरजमुखी की फसल मंगवाने में संलिप्त तीन से चार से आढ़तियों पर भी कार्रवाई की तलवार लटक गई है। बताया जाता है कि तीन से चार आढ़ती इस पूरे प्रकरण में मुख्य रूप से शामिल है। बताया जा रहा है कि अधिकारी बिना आढ़तियों की मिलीभगत से यह फसल मंडी में नहीं मंगवा सकते थे।

---

# विकास कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं : मंत्री गंगवा

- जन स्वास्थ्य और लोक निर्माण अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। अधिकारियों की बैठक लेते जन स्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा।

हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा।

पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में हुई समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो कार्य जून माह तक अधूरे रह गए हैं, उन्हें शीघ्र पूरा किया जाए। एसई अभिषेक ने बताया कि जिले में 475 किलोमीटर सड़कों में से 417 किमी पर पैचवर्क पूरा हो चुका है। जन स्वास्थ्य विभाग के एसई विकास संगरोहा ने बताया कि महाग्राम योजना के तहत निगदू, बल्ला, कुंजपुरा में चल रहे कार्य निर्धारित समय पर पूरे कर लिए जाएंगे। मंत्री ने अधिकारियों को बरसाती पानी की निकासी हेतु आवश्यक प्रस्ताव मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए। इस दौरान मेयर रेनू बाला गुप्ता, प्रवीन लाठर, सोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

#### गुरु दक्ष प्रजापति जयंती पर समारोह 13 को

जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि 13 जुलाई को भिवानी में गुरु दक्ष प्रजापति की राज्य स्तरीय जयंती समारोह का आयोजन बड़े धूमधाम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। करनाल के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में आयोजित बैठक में मंत्री गंगवा ने कहा कि प्रदेश के कोने-कोने में जाकर निमंत्रण दिए जा रहे हैं और समाज में भारी उत्साह है।

---

# वर्ल्ड बैंक की टीम ने सरस्वती नदी का किया दौरा

- गांव बिहोली और ईशरगढ़ में रिचार्जिंग सिस्टम को भी देखा

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र



वर्ल्ड बैंक के लिड वॉटर रिसोर्स मैनेजमेंट स्पेशलिस्ट डॉ जूप स्टाउट डिस्टिक और डॉक्टर बोगचन बेलनी स्पेशलिस्ट प्रिंसिपल इरीगेशन और ड्रेनेज सिस्टम और भूजल विभाग के अधिकारियों ने सरस्वती रिचार्जिंग सिस्टम का गांव बिहोली और ईशरगढ़ में दौरा किया।

हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि इस सरस्वती नदी के ऊपर हमने ग्यारा रिजर्व वार स्थापित किए हैं जिनकी वजह से इस अब क्षेत्र का वॉटर लेवल बढ़ा है, पिछले 3 साल से सरस्वती नदी में पानी चलने से किसानों में खुशी की लहर है और सरस्वती इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होंने हरियाणा की इरीगेशन सिस्टम व मुख्यमंत्री की नायब सैनी की इरिगेशन के अच्छे प्रबंधन के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि सरस्वती बोर्ड सरस्वती नदी को रिजर्व नेट करने के लिए लगा है इस बोर्ड का गठन केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने किया था और अब मुख्यमंत्री नायब सैनी की बोर्ड के कामों को आगे बढ़ा रहे हैं।

---

# एंटी करप्शन फाउंडेशन को मिला नेशनल प्रेस्टीज अवॉर्ड

- ईशा देओल के हाथों सम्मानित हुए नरेंद्र अरोड़ा और पवन शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भ्रष्टाचार उन्मूलन की दिशा में जागरूकता फैलाने वाले संगठन एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में 'नेशनल प्रेस्टीज अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान संस्था के नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा और इंटरनेशनल चेयरमैन पवन शर्मा ने फिल्म अभिनेत्री ईशा देओल के हाथों प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन रुद यूनिवर्सल मीडियाज़ द्वारा किया गया, जिसमें देशभर से सामाजिक कार्यों में सक्रिय संस्थाओं को आमंत्रित किया था। ईशा देओल ने कहा कि देश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने में इस संस्था की भूमिका सराहनीय है। नरेंद्र अरोड़ा ने जानकारी दी कि फाउंडेशन विगत 8 वर्षों से करप्शन फ्री इंडिया अभियान, सत्यनिष्ठा शपथ अभियान, और हस्ताक्षर अभियान चला रहा है। सभी राज्यों में इसकी सक्रिय टीमें कार्यरत हैं, जो स्कूल, कॉलेज, दफ्तरों में भाषण, निबंध, स्लोगन व ड्राइंग प्रतियोगिताएं करवा कर जागरूकता फैला रही हैं। संस्था को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन (यूके) द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है।

---

# स्पेन भेजने के नाम पर युवक से हड़पे 13 लाख

- पुलिस ने किया दो आरोपी लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

स्पेन भेजने के नाम पर गांव मिर्जापुर निवासी रविंद्र कुमार से 13 लाख रुपये हड़प लिए गए। रविंद्र कुमार ने अपने लड़के दिलप्रीत को स्पेन भेजना चाहता था। आरोप है कि आरोपियों ने दिलप्रीत को बेलारूस के जंगलों में छोड़ दिया। परिजनों ने वहां से उसे वापसी की टिकट करवाकर घर वापस बुलाया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव मिर्जापुर निवासी रविंद्र कुमार ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका लड़का दिलप्रीत 2023 में पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार की तलाश में विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसे पता चला कि गांव दौलतपुर निवासी अनिल कांबोज व गांव गजलाना निवासी हरि सिंह युवाओं को विदेश भेजने का काम करते हैं। वह अपने लड़के के साथ गांव दौलतपुर में अनिल कांबोज व हरि सिंह से मिला। आरोपियों ने उसे बताया कि वह युवकों को विदेश भेजकर उन्हें रोजगार दिलवाते हैं। वह उसके लड़के को स्पेन भेज देगें। आरोपियों ने स्पेन भेजने के नाम पर उससे 13 लाख रुपये का खर्च आने की बात कही। वह आरोपियों की बातों में आ गया। उसने आरोपियों को अलग-अलग करके 13 लाख दो दजार रुपये व अपने लड़के का पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज दे दिए। आरोपियों ने उसके लड़के को जल्द ही विदेश भेजने का आश्वासन दिया। इस दौरान आरोपियों ने उसके लड़के के फर्जी कागजात तैयार कर उसे बेलारूस भेज दिया। वहां पर आरोपी जंगल के रास्ते से उन्हें स्पेन भेजने की तैयारी में थे। उसके लड़के ने जब विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। उसके लड़के ने उन्हें इस बारे बताया। उन्होंने अपने लड़के की वापसी की टिकट करवाकर वापस भारत बुलाया। इसके बाद उसने आरोपियों से बात की। मगर आरोपियों ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर जब उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

# ट्रक की टक्कर लगने से ट्रैक्टर ट्राली सवार व्यक्ति की मौत

- ट्राली में चारा भरकर भाई के साथ अंबाला बेचने जा रहा था मृतक

**यमुनानगर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 344 पर करेड़ा पुल के पास तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्राली सड़क पर पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार व्यक्ति को लगी गंभीर चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। मृतक अपने भाई के साथ ट्रैक्टर-ट्राली में हरा चारा लोड कर अंबाला बेचने के लिए जा रहा था।

गांव ढिक्का निनवासी आरिफ ने बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। शाम को वह अपने भाई मोहम्मद रिजावल के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली में हरा चारा भरकर अंबाला में बेचने के लिए जा रहे थे। रात करीब साढ़े दस बजे जब वह करेड़ा पुल के पास पहुंचे तो पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक ने उनके ट्रैक्टर ट्रॉली में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उनकी ट्रैक्टर ट्राली सड़क पर पलट गई। टक्कर लगने से उसका भाई मोहम्मद रिजावल ट्रैक्टर से उछलकर सड़क पर गिरकर घायल हो गया। उसके सिर व पैर व शरीर के अन्य हिस्सों में काफी चोटें आई। आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

---

### फसल बीमा सप्ताह के तहत हुए कार्यक्रम में पहुंचे कृषि मंत्री राणा

# फसल बीमा योजना का लाखों किसानों को लाभ

- जिले में किसानों को लगभग 32 करोड़ का लाभ दिया जा चुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



**यमुनानगर।** रादौर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व भाग लेते हुए किसान व अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के तत्वावधान में रादौर के त्रिवेणी चौक के नजदीक पैलेस में फसल बीमा सप्ताह के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया।

वहीं, कृषि विभाग के निदेशक राज नारायण कौशिक व संयुक्त निदेशक कृषि विभाग चंडीगढ़ राजीव मिश्रा विशिष्ठ अतिथि के रुप में मौजूद रहे। मुख्यातिथि कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि जिले में लाखों किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ मिल रहा है। जिले में किसानों को फसल बीमा योजना के तहत लगभग 32 करोड़ रुपये का लाभ दिया जा चुका है। योजना के तहत किसानों को कम दामों पर अधिक से अधिक लाभ दिया जा रहा है। किसानों की फसल खराब होने पर किसान आसानी से ऑनलाइन इसका आवेदन कर सकता है। यदि किसानों की प्राकृतिक खेती से फसल कम होती है तो उस पर सरकार किसान की पांच वर्ष की एवरेज की जानकारी प्राप्त कर कमी की भरपाई करेगी। उन्होंने किसानों से चने की फसल के बाद गेहूं की फसल की बुआई करने की अपील की। ताकि प्राकृतिक तरीके से फसल को नाइट्रोजन मिल सके। इस दौरान कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बस स्टेंड के ऊपर हॉल कमरे में नए कृषि कार्यालय का रिबन काटकर शुभारंभ भी किया। कृषि विभाग के निदेशक राज नारायण कौशिक ने कृषि मंत्री को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम उप कृषि निदेशक यमुनानगर आदित्य डबास की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर एसडीएम रादौर नरेंद्र सिंह, एसडीओ कृषि विभाग अजय कुमार, सुरेंद्र मल्ली, कृष्ण कांबोज व राजकुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

#### किसान 31 जुलाई तक करवा सकते हैं बीमा

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि बैंक द्वारा ऋणी किसानों का बीमा उनकी स्वेच्छा से किया जाता है। वहीं, ऋण न लेने वाले किसान भी अपनी इच्छा से फसल बीमा ले सकते हैं। प्रदेश में एचडीएफसी एग्रो जनरल इंश्योरेंस, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस व एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी किसानों की फसलों का बीमा कर रही है। इसके अलावा किसान सीएससी सेंटर व अपने मोबाइल से भी 31 जुलाई तक बीमा करवा सकता है। उन्होंने अपील की कि किसान प्राकृतिक खेती की ओर अधिक से अधिक ध्यान दें।

---

# ऑफिस में देरी से आने वाले 35 कर्मचारियों पर कार्रवाई

- एक दिन का वेतन काटा, नप अध्यक्ष के निरीक्षण के दौरान मिले थे गैरहाजिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला सदर नगर परिषद ऑफिस में देरी से आने वाले 35 कर्मचारियों पर गाज गिर गई है। विभाग ने उनकी एक दिन की तनख्वाह काटने का फैसला किया है।

इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। नप अध्यक्ष के निरीक्षण के दौरान 56 के करीब कर्मचारी कार्यालय में नहीं पहुंचे थे। यह कार्रवाई कई दिन तक की गई। इस संबंध में जब रिपोर्ट नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी के संज्ञान में आई तो उन्होंने हाजिरी रजिस्टर को मंगवाया। जब इसकी जांच की गई तो रिपोर्ट सही मिली। इसके बाद कर्मचारियों को नोटिस जारी करके जवाब मांगा गया। फिर उनकी एक दिन की तनख्वाह काटने का फैसला किया गया। कार्यकारी अभियंता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सभी कर्मचारी सुबह 9 बजे से पहले अपने कार्यस्थल पर पहुंच जाएं अन्यथा उनसे जवाब मांगा जाएगा।

#### टीम को निर्देश

औचक निरीक्षण को लेकर भी उन्होंने विभागीय टीम को निर्देश दिए हैं ताकि कार्यालय आने वाले लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। कार्यकारी अभियंता देवेंद्र नरवाल ने बताया कि कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वो समय पर आएं ताकि कार्यालय आने वाले लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। प्राथमिक चरण में लापरवाही बरतने वाले 35 कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उनकी एक दिन की तनख्वाह काटी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर युवती को किया अगवा

**यमुनानगर।** रादौर थाना क्षेत्र से एक युवक शादी का झांसा देकर 25 वर्षीय युवती को अगवा करके ले गया। पुलिस ने युवती के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। रादौर थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी लड़की एक जुलाई को काम से घर से बाहर गई थी। मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। जांच करने पर पता चला कि लुधियाना निवासी हरप्रीत उसकी लड़की से फोन से बात करता था। आरोपी ही उसकी लड़की को शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है।

### 10 ग्राम हेरोइन के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**यमुनानगर।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने 10 ग्राम हेरोइन के साथ एक युवक को काबू किया है। जिसकी पहचान गंगा नगर निवासी में तैनात पीएसआई सोनू ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि जगाधरी की गंगा नगर कॉलोनी निवासी साहिल कुमार नशीला पदार्थ बेचने का काम करता है। वह इस समय कॉलोनी में ही नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में खड़ा है। यदि इस समय दबिश दी जाए तो आरोपी को काबू किया जा सकता है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 10 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। जिसकी कीमत करीब 30 हजार रुपये है। आरोपी की पहचान साहिल के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### बरसात से शामली-अंबाला एक्सप्रेस वे का हाल हुआ बेहाल

# एक्सप्रेस-वे के अंडर पास में भरा बारिश का पानी, आवागमन ठप

शामली-अंबाला एक्सप्रेस वे पर धौलरा के नजदीक बने अंडर पास में पानी निकासी का प्रबंधन नहीं, सरकार से निकासी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रादौर

शामली-अंबाला नेशनल एक्सप्रेस वे पर धौलरा के नजदीक बनाए गए अंडर पास में बारिश के पानी की निकासी नहीं होने से इलाके के किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इलाके के लोगों ने प्रदेश सरकार व एक्सप्रेस वे से संबंधित अधिकारियों को अंडर पास से बरसात के पानी की निकासी के लिए प्रबंध करवाए जाने की मांग की।

गांव धौलरा निवासी गुरमेज, जसबीर सिंह, संजीव व ईश्वर ढिल्लो आदि ने बताया कि उनके गांव के नजदीक शामली-अंबाला एक्सप्रेस वे बनाया जा रहा है। एक्सप्रेस वे पर गांव धौलरा के नजदीक किसानों व इलाके अन्य गांव के ग्रामीणों के गुजरने के लिए अंडर पास बनाया गया है। मगर अंडर पास में बारिश के पानी की निकासी के लिए कोई प्रबंध नहीं किया गया। जिसकी वजह से बारिश होने पर अंडर पास में कई फुट पानी भरने से लोगों का आवागमन बंद हो जाता है। उन्होंने कहा कि बारिश का पानी भरने से किसान अपने खेतों में भी नहीं जा सकते हैं। जिससे वह अपने खेतों में खड़ी फसलों का रख रखाव भी नहीं पाते हैं। उन्होंने अंडर पास से बरसात का पानी बाहर निकालने के लिए निकासी का प्रबंध करवाए जाने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि हर साल पानी निकासी के दावे तो होते हैं, परंतु दिखाई नहीं देते।


यमुनानगर। गांव धौलरा के पास बने अंडरपास में जमा बरसाती पानी।


यमुनानगर। गांव याकूबपुर में एनएच की पुलिया के निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनते उपायुक्त पार्थ गुप्ता।

## ग्रामीण क्षेत्रों में बरसात के बाद से उत्पन्न हुई समस्याओं का जल्द करें समाधान: गुप्ता

**यमुनानगर।** जिले कई दिन तक हुई बारिश के कारण ग्रामीण इलाकें उत्पन्न हुई समस्याओं को लेकर डीसी पार्थ गुप्ता ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ प्रभावित करीब आधा दर्जन गांव का दौरा किया। उन्होंने मौके पर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी व अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए।

डीसी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ सबसे पहले तारूवाल गांव का दौरा किया। उन्होंने वहां के ग्रामीणों की समस्याओं को जाना। मौके पर तारुवाला के सरपंच संजीव कुमार ने बताया कि गांव से शमशान घाट तक जाने वाले कच्चे रास्ते को पक्का करने की मांग की। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को शमशान घाट के रास्ते को पक्का करने के लिए एस्टीमेट बनाकर आगामी कार्रवाई जल्द करने के निर्देश दिए। डीसी ने बरौली माजरा में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनी। मौके पर बरौली के ग्रामीणों ने उपायुक्त से गांव के नजदीक बह रही बरसाती

■ डीसी ने अधिकारियों के साथ किया दौरा

पथराला नदी के तटबंधों को सुदृढ़ करने की मांग की। जिस पर उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। डीसी पार्थ गुप्ता बिलासपुर उपमंडल के गांव खानुवाला पहुंचे। ग्रामवासियों ने डीसी को बताया कि हर वर्ष बरसात के दिनों में अचानक ज्यादा पानी आने से सोम नदी उफान पर आ जाती है। जिससे गांव खानुवाला, लोपों व चिंतपुर में पानी भर जाता है और काफी नुकसान होता है। उन्होने नदी के तटबंधों को सुदृढ़ कर स्थाई समाधान करने की मांग की। डीसी ने अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। गांव लोप्यों के निवासियों ने बताया कि गांव की सड़क पर बनी पुलिया अवरूद्घ हो गई है। जिससे पानी की निकासी सही ढंग से नही हो पाती। डीसी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पुलिया की सफाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद उपायुक्त पार्थ गुप्ता उत्तर प्रदेश की सीमा से लगते गांव घोड़ों पिपली में पंहुचकर लोगों की समस्याएं सुनी। ग्रामवासियों ने बताया कि बरसात के मौसम में यमुना नदी विकराल रूप धारण करती है और किसानों की खेतों की जमीन यमुना नदी में समा जाती है। इस बार भी यमुना नदी में अधिक मात्रा में पानी आने की संभावना है। उन्होंने यमुना के किनारों को मजबूत करने की मांग की। डीसी ने यमुना नदी में चल रहे बाढ़ राहत कार्यों तक जा रहे रास्ता जो पानी में बह गया था। उसमें पाइप डालकर रास्ता चालू करने के निर्देश दिए। ताकि बाढ़ बचाव कार्य में तेजी लाई जा सके। इस मौके पर एसडीएम छछरौली रोहित कुमार, एसडीएम व्यासपुर जसपाल सिंह गिल, एसडीएम जगाधरी सोनू राम, सिंचाई विभाग के एसई आरएस मित्तल, एक्शइन विनोद कुमार, पीडब्ल्यूडी एक्शइन पुनीत मित्तल, कार्यकारी अभियंता बिजली निगम पवन चिकारा व डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह इत्यादि मौजूद रहे।


यमुनानगर। न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढैल में बच्चों की जांच करते चिकित्सक।

## न्यू हैप्पी स्कूल में ईएनटी जांच शिविर में जांचा बच्चों का स्वास्थ्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

■ बच्चों को दी स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां।

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढैल में विद्यार्थियों के संपूर्ण स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु एक विशेष ईएनटी (कान, नाक एवं गला) जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य बच्चों में सामान्य रूप से पाई जाने वाली ईएनटी संबंधी समस्याओं की पहचान और समय रहते उचित मार्गदर्शन प्रदान करना रहा।

स्वास्थ्य शिविर में सुरेष्ठा हॉस्पिटल यमुनानगर से डॉ.छवि मेहता और गर्ग ईएनटी सेंटर से डॉ.ऋषव गर्ग ने अपनी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान की। दोनों ही विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अत्यंत सहज और स्नेहपूर्ण ढंग से सभी विद्यार्थियों की जांच की जिससे बच्चे बिना किसी संकोच के जांच प्रक्रिया में भाग ले सके। शिविर में विद्यार्थियों के सुनने की क्षमता, टॉन्सिल्स की स्थिति, गले में जलन, नाक बंद रहना, एलर्जी, संक्रमण, अधिक वैक्स की समस्या आदि का परीक्षण किया गया। जिन विद्यार्थियों में किसी प्रकार की समस्या पाई गई, उन्हें उचित सलाह दी गई और कुछ मामलों में आगे की जांच या उपचार के लिए परामर्श भी दिया गया। शिविर के दौरान चिकित्सकों ने बच्चों को कान नाक और गले की देखभाल के आसान एवं प्रभावी उपाय भी बताए।

शिविर के उपरांत सभी विद्यार्थियों के अभिभावकों को स्वास्थ्य जांच की जानकारी एक हेल्थ नोट के माध्यम से दी गई। जिन बच्चों को आगे चिकित्सकीय परामर्श की आवश्यकता थी, उन्हें उचित दिशा-निर्देश दिए गए।

विद्यालय की प्रधानाचार्या तोशल वाधवा ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता तक ही सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास पर भी समान रूप से ध्यान दिया जाता है। इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों से विद्यार्थियों को समय पर जागरूकता और आवश्यक उपचार की दिशा मिलती है। उन्होंने शिविर में सेवाएं देने पर डॉ.छवि मेहता और डॉ.ऋषव गर्ग का आभार जताया।

## मेले में 3 करोड़ का लोन वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रादौर



दी यमुनानगर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड की ओर से बुधवार को लोन मेले का आयोजन किया गया। चेयरमैन धर्म सिंह बंचल की अध्यक्षता में आयोजित लोन मेले में लगभग 3 करोड़ रूपये के लोन वितरित किए गए।

मेले के दौरान जेएलजी (स्वयं सहायता समूह) को 1 करोड़ रूपये का लोन दिया। अभिषेक वत्स महाप्रबंधक की देखरेख में आयोजित किए गए लोन मेले में 2 करोड़ रूपये के पर्सनल, कार व होम लोन किए गए। चेयरमैन धर्म सिंह बंचल ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 1 करोड़ रूपये का चैक भेंट किया। बंचल ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार की योजना से 1 करोड़ रूपये का लोन दिया गया है। प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजना हर जरूरतमंद तक पहुंच रही है। दी यमुनानगर केंद्रीय सहकारी बैंक किसानों, मजदूरों, महिलाओं के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए कार्य कर रहा है। बैंक किसानों की हर संभव सहायता करने को तत्पर है। महिलाओं को स्वयं रोजगार को लेकर प्रेरित करने हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई है।

## 18 ग्राम हेरोइन के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**यमुनानगर।** साढौरा पुलिस व एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने 18 ग्राम हेरोइन के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान गांव सादिकपुर निवासी वीर सिंह उर्फ चेई के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साढौरा थाना के एएसआई कुलदीप सिंह ने बताया कि उन्हें गश्त के दौरान गांव पहाड़ीपुर नाका के पास एक युवक अवैध नशीले पदार्थ के साथ घूमने की सूचना मिली। जिसके ाद टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 18 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान गांव सादिकपुर निवासी वीर सिंह उर्फ चेई के रूप में हुई। एएसआई ने बताया कि आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत बाजार में 61 हजार रुपये है। उसने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया।

■ गुप्त सूचना पर पहाड़ीपुर के पास से आरोपी को पकड़ा।

## रोटरी क्लब रादौर बना सर्वश्रेष्ठ क्लब

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

■ अंतरराष्ट्रीय संस्था रोटरी क्लब ने जगाधरी में किया सम्मानित।

अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब डिस्ट्रिक(3080) द्वारा जगाधरी में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यातिथि क्लब के डीजी राजपाल सिंह ने भाग लिया।

रोटरी क्लब रादौर के पूर्व प्रधान जसवंत सिंह बंचल ने बताया कि समारोह में रोटरी रादौर को जोन दस में सर्वश्रेष्ठ क्लब के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। जिसमें मुख्यातिथि एवं क्लब के डीजी राजपाल सिंह ने रोटरी क्लब रादौर के सदस्यों को सर्वश्रेष्ठ क्लब पुरस्कार से सम्मानित किया। मौके पर समारोह में रोटरी क्लब रादौर के पूर्व प्रधान जसवंत सिंह बंचल को जोन में बेस्ट रोटेरियन का पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अलावा रोटरी क्लब रादौर के सदस्य प्रधान निर्मल सिंह, भारत माटिया, डॉ. एससी सैनी, मोहनलाल अरोड़ा, संदीप सैनी, मोहित गर्ग व हरजीत सिंह को मोस्ट एक्टिव रोटेरियन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सभी सदस्यों को क्लब की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। बंचल ने बताया कि उन्हें यह पुरस्कार रोटरी क्लब रादौर द्वारा रक्तदान के क्षेत्र उत्कृष्ट योगदान देने समेत नगरपालिका रादौर के पार्क की बेहतर देखभाल करने पर दिया गया है। उन्होंने इस पुरस्कार को दिए जाने पर क्लब की ओर से आयोजकों का आभार जताया है। मौके पर देवीदयाल अरोड़ा, मोहनलाल अरोड़ा, मलखान सिंह सढ़ुरा,डॉ. शुभम सलुजा, संदीप सैनी व मोहित गर्ग इत्यादि मौजूद रहे।


यमुनानगर। जगाधरी में अंतरराष्ट्रीय रोटरी क्लब समारोह में रादौर रोटरी को सर्वश्रेष्ठ क्लब के पुरस्कार से सम्मानित करते आयोजक।

## युवती ने व्यक्ति पर लगाया पीछा कर छेड़छाड़ का आरोप, केस दर्ज

**यमुनानगर।** सदर जगाधरी थाना के गांव में व्यक्ति ने युवती का पीछा कर उसके साथ छेड़छाड़ की। युवती के विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। आरोपी कई दिनों से पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

सदर जगाधरी थाना के गांव की 30 वर्षीय युवती ने बताया कि उनके गांव का ही हंसराज काफी दिनों से उसका पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। उसने कई बार आरोपी की हरकतों को नजरअंदाज किया। मगर आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। 28 जून को वह किसी काम से बाड़े में जा रही थी। इस दौरान आरोपी उसका पीछा करते हुए बाड़े में आ गया। जहां आरोपी ने उसके साथ अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो आरोपी उसे इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। उसने मामले की सूचना परिजनों और पुलिस को दी।

■ पीछा के पशु वाड़े में पहुंच दिया वारदात को अंजाम

## डॉ. सौरभ एक्सिलेंसी आइकोनिक अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

श्री फिंगर्स एंटरटेनमेंट व मुंबई फिल्म प्रोडक्शन के संयुक्त तत्वावधान में देहरादून के सेफ्रान लीफ में आयोजित एक्सीलेंस आइकोनिक अवार्ड समारोह में सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया रादौर के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सौरभ आर्य को एक्सीलेंसी आइकोनिक अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में फिल्म अभिनेत्री ईशा दियोल ने भाग लिया। मौके पर डॉ. सौरभ आर्य ने फ्लिम अभिनेत्री ईशा दियोल को अपने द्वारा लिखित सत्य कीर्ति पुस्तक भेंट की।

सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया रादौर के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सौरभ आर्य ने बताया कि गत दिवस श्री फिंगर्स एंटरटेनमेंट व मुंबाई फिल्म प्रोडक्शन द्वारा देहरादून में एक्सीलेंस आइकोनिक अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें देश भर से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस समारोह में उन्हें भी मुख्यातिथि एवं फिल्म अभिनेत्री ईशा दियोल द्वारा सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया द्वारा समाज सेवा समेत अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए एक्सीलेंसी आइकोनिक अवार्ड देकर सम्मानित किया गया है। डॉ. आर्य ने उन्हें सम्मानित करने के लिए श्री फिंगर्स एंटरटेनमेंट के डायरेक्टर अरुण घई , इवेंट कोर्डिनेटर शालिनी शर्मा समेत अन्य का आभार प्रक्ट किया। मौके पर उन्होंने फिल्म अभिनेत्री ईशा दियोल को अपने द्वारा लिखित पुस्तक सत्य कीर्ति को फिल्म स्टार लीजेंड धर्मेंद्र व हेमामालनी के अभिनंदन स्वरुप भेंट किया।


रादौर निवासी एवं सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सौरभ आर्य को एक्सीलेंसी आइकोनिक अवार्ड से सम्मानित करते हुए फिल्म अभिनेत्री ईशा दियोल।

■ फिल्म अभिनेत्री ईशा दियोल ने देहरादून में आयोजित एक्सीलेंस आइकोनिक अवार्ड 2025 समारोह में किया सम्मानित।

### सड़क हादसे में टेलर की मौत

**पानीपत।** पानीपत में गोहाना रोड पर रेलवे फाटक के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने स्कूटी सवार बुजुर्ग टेलर बाबूदीन निवासी कश्यप नगर, जाटल रोड को टक्कर मार दी। हादसे में बाबूदीन की मौत हो गई। मृतक कपडों की फेरी लगाता था। वहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद बाबूदीन का शव उसके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मृतक की बेटी साइना की शिकायत पर ट्रैक्टर के अज्ञात पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दक्ष जयंती समारोह भिवानी में होगा

**पानीपत।** लोक निर्माण और जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा ने बुधवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में कहा कि 13 जुलाई को महाराज दक्ष प्रजापत की जयंती उत्साह और उमंग के साथ भिवानी में मनाई जाएगी। जयंती को लेकर प्रदेश भर में विशेष जोश और जुनुन दिखाई पड़ता है। यह जयंती सरकारी स्तर पर मनाई जा रही है। इसमें बड़ी संख्या में लोग भाग लेंगे।

## नई शिक्षा नीति से छात्रों का समुचित विकास करने में सक्षम : कांबोज

■ इंडियन स्कूल में एनईपी पर इन हाउस प्रशिक्षण शिविर आयोजित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रादौर

इंडियन पब्लिक स्कूल में नई शिक्षा नीति ( एनईपी) पर इन हाउस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। स्कूल प्रिंसीपल ईश मेहता ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर में दीपिका कांबोज व सोनू शर्मा ने रिसोर्स पर्सन के रूप में भाग लिया।

रिसोर्स पर्सन दीपिका कांबोज ने शिक्षकों को नई शिक्षा नीति 2020 की नीतियों व उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थी का समुचित विकास संभव है। शिक्षकों को विद्यार्थियों को पढ़ाते समय आत्मविश्वास से भरपूर होना चाहिए। वहीं, विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को शांत करते हुए उनके प्रश्नों का उत्तर शांत स्वभाव से देना चाहिए। जिससे बच्चे सीखते हुए शिक्षा ग्रहण कर सकें।

कार्यक्रम में शिक्षको ने रिसोर्स पर्सन दीपिका कांबोज व सोनू शर्मा से अपने विचार भी सांझा किए। मौके पर स्कूल प्रिंसीपल ईश मेहता ने रिसोर्स पर्सन दीपिका कांबोज व सोनू शर्मा का प्रशिक्षण शिविर में शिक्षकों को मूल्यवान जानकारी देने के लिए आभार जताया।

दीपिका कांबोज ने कहा कि उनके स्कूल में शिक्षकों व विद्यार्थियों के लिए समय समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम व अन्य गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। ताकि इन गतिविधियों व कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों व शिक्षकों का ज्ञान वर्धन हो सके।


यमुनानगर। इंडियन पब्लिक स्कूल रादौर में आयोजित शिविर में भाग लेते शिक्षक।

### विद्यार्थियों को बायोमेडिकल वेस्ट के वर्गीकरण व उपचार की दी जानकारी

# ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी नाचरौन(रादौर) में बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रुप में महर्षि मार्कंडेश्वर विश्वविद्यालय मुलाना प्रोफेसर डॉ. आकाश जैन ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। जबकि अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने की।

मुख्य वक्ता एवं प्रोफेसर डॉ. आकाश जैन ने विद्यार्थियों को बायोमेडिकल वेस्ट के वर्गीकरण, पृथक्करण और और उपचार की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रयोगशालाओं, अस्पतालों और फार्मेसी सेटअप्स में अपनाई जाने वाली मानक प्रक्रियाओं के बारे में भी विस्तार से बताया। ताकि स्वास्थ्य और पर्यावरण पर होने वाले खतरों को कम किया जा सके। मौके पर महर्षि मार्कंडेश्वर विश्वविद्यालय मुलाना के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. जैसमिन चौधरी ने विद्यार्थियों को अपशिष्ट प्रबंधन के व्यावहारिक पक्षों और कानूनी पहलुओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से समाप्त और अप्रयुक्त दवाओं के सुरक्षित निपटान पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि यदि इनका सही ढंग से प्रबंधन न किया जाए तो यह काफी खतरनाक हो सकते हैं। मौके पर विद्यार्थियों ने वक्ताओं से अपशिष्ट प्रबंधन एवं वर्तमान नियमों से संबंधित विचारोत्तेजक प्रश्न पूछे। जिनका वक्ताओं द्वारा उत्तर देकर विद्यार्थियों को संतुष्ट किया गया। संस्थान के प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने कहा कि सेमिनार का आयोजन करने के मुख्य उदेश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य और औषधि संबंधी क्षेत्रों में अपशिष्ट के सुरक्षित और प्रभावी निपटान के प्रति जागरुक करना रहा।

उन्होंने कहा कि बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट केवल एक तकनीकी आवश्यकता नहीं है। बल्कि जनस्वास्थ्य और पर्यावरणीय सुरक्षा के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। मुझे गर्व है कि हमारे विद्यार्थी इस तरह के महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने कार्यक्रम में आए दोनों वक्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



## खबर संक्षेप



### केक काटकर मनाया राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

**कुरुक्षेत्र।** एलएनजेपी अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में केक काटकर चिकित्सक दिवस मनाया गया। एलएनजेपी अस्पताल परिसर स्थित सीटी स्कैन विभाग के प्रबंधक विकास शर्मा और मार्केटिंग मैनेजर रजत शर्मा ने हैप्पी डाक्टर्स डे लिखा केक लेकर प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. सराह अग्रवाल के कार्यालय में पहुंचे और सभी चिकित्सकों को वहां बुलाकर इस दिन की बधाई दी।

### सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति किया जागरूक



**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सडक सुरक्षा नियमों के बारे में जागरुकता अभियान चलाए जा रहे है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि इस शिविर में लोगों को सडक सुरक्षा नियमों गुड स्मार्टियन लॉ, एमवीए 2019,क्लेम ट्रिब्युनल प्रोसीजर के बारे में जागरुक किया गया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 12 जुलाई 2025 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जागरूक करने के लिए कोर्ट परिसर में हेल्प डैस्क लगाया गया है।

### संस्कारशाला का किया आयोजन



**कुरुक्षेत्र।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के मंथन प्रकल्प के तहत इंद्री के रामलीला ग्राउंड में 4 से 13 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए धर्म के 10 लक्षणों में से चौथे लक्षण अस्तेय के अंतर्गत एक संस्कारशाला आयोजित की गई। साध्वी सत्या भारती ने अस्तेय के वास्तविक अर्थ को समझाया कि इसका अर्थ है चोरी न करना। जो वस्तु आपकी नहीं है उसे बिना अनुमति कभी ना लेना। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में जीवन के महत्वपूर्ण नैतिक मूल्यों और स्वस्थ आदतों का विकास करना है यह बच्चों को शिक्षा के साथ उन्हें आत्म नियंत्रण, समर्पण और साझा करने के महत्व से भी परिचित कराती हैं।

## लोक निर्माण विभाग ने निकासी के लिए डाले पाइप

# एनएच-44 के दोनों तरफ पानी निकासी के पुख्ता प्रबंध : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि शाहबाद से लेकर खानपुर कोलिया तक राष्ट्रीय राजमार्ग 44 के दोनों तरफ पानी निकासी के लिए संबंधित विभागों की तरफ से पुख्ता इंतजाम कर दिए गए है। इस मार्ग में जहां-जहां पानी निकासी की रूकावटें थी, वहां पर लोक निर्माण विभाग की तरफ से पाईप डालकर पानी निकासी का कार्य पूरा किया गया है। उपायुक्त नेहा सिंह बुधवार को एनआईसी कार्यालय में वीडियो कांफ्रेंसिंग के बाद अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी उपायुक्तों को मानसून सीजन के दौरान सतर्क रहने के आदेश देते हुए अपने-अपने जिलों में पानी निकासी के तमाम प्रबंध पूरे करने के निर्देश दिए और जहां-जहां भी खामियां पाई जाती है उनकों तुरंत दूर किया जाए। मुख्यमंत्री ने लाडवा और शाहबाद में पानी की स्थिति के बारे में उपायुक्त नेहा सिंह से फीडबैक ली है। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री के आदेशानुसार शाहबाद और लाडवा में पानी निकासी को लेकर जहां-जहां दिक्कतें थी उन्हें दूर कर दिया गया है। इस क्षेत्र में अंबाला की तरफ से ज्यादा बारिश होने के कारण ज्यादा पानी शाहबाद क्षेत्र में पहुंचा है। यहां पर बैंटन नाले के बंध को ठीक कर दिया गया है और अब पानी खानपुर कोलिया ड्रेन के माध्यम से आगे जा रहा है। शाहबाद झांसा की तरफ लगभग 11 हजार क्यूसिक पानी जा रहा है और अभी तक किसी भी क्षेत्र में दिक्कत नहीं है।




**कुरुक्षेत्र।** अधिकारियों को संबोधित करती उपायुक्त नेहा सिंह।

### सभी अधिकारी 24 घंटे रखेंगे निगरानी

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में 24 घंटे निगरानी रखेंगे और पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी डयूटी का निर्वहन करेंगे। इस मौके पर एसडीएम अमन कुमार, डीएमसी सतेन्द्र सिवाच, डीएसपी सुनील, डीआरओ चेतना चौधरी, अधीक्षक अभियंता अरविंद कौशिक सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## केयू आईआईएचएस में फिजिकल काउंसलिंग शुरू

# 13 विषयों में शुरू आनर्स कोर्स में दाखिले के लिए छात्रों का दिखा रूझान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटिग्रेटिड एंड ऑनर्स स्टडीज द्वारा बुधवार को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए दाखिले के लिए काउंसलिंग का आयोजन किया गया जिसमें पहली बार 13 विषयों में ऑनर्स कोर्स में दाखिला लेने के लिए छात्रों का रुझान देखने को मिला। आईआईएचएस की प्राचार्या प्रो. रीटा ने बताया कि आईआईएचएस के विभिन्न कोर्सो में दाखिले के लिए फिजिकल काउंसलिंग के लिए विद्यार्थियों में उत्साह था। बुधवार को एमएससी इकोनोमिक्स ऑनर्स 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड तथा एमएससी बायोटेक 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड में दाखिले के लिए काउंसलिंग की गई। इसके साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत इसी सत्र से बीएससी विद मेजर इन बॉटनी, बीएससी विद मेजर इन बायोकेमिस्ट्री, बीएससी विद मेजर इन केमिस्ट्री, बीएससी विद मेजर इन फिजिक्स, बीएससी विद मेजर इन गणित, बीएससी विद मेजर इन जूलॉजी, बीएससी विद मेजर इन कंप्यूटर साइंस, बीए विद मेजर इन संस्कृत, बीए विद मेजर इन अंग्रेजी, बीए विद मेजर इन हिंदी, बीए विद मेजर इन इतिहास, बीए विद मेजर इन इकोनॉमिक्स तथा बीए विद मेजर इन साइकोलॉजी कोर्सिज में इस सत्र से आनर्स शुरू की गई जिसमें प्रत्येक आनर्स कोर्स में 20 सीटें निर्धारित की गई हैं। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि इन प्रोग्राम्स की प्रथम मेरिट सूची मंगलवार को जारी की गई थी जिसके लिए अभ्यर्थी बुधवार को फिजिकल काउंसलिंग हेतु अपने संबंधित मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित हुए। दाखिला फीस जमा करवाने की अंतिम तिथि 3 जुलाई निर्धारित है। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि मेरिट सूची की विस्तृत जानकारी केयू आईआईएचएस की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। काउंसलिंग में आईआईएचएस के शिक्षकों प्रो. कुसुम लता, सहित अन्य शिक्षकों ने सहयोग किया।



### रोटरी क्लब ने स्वास्थ्य जागरूकता कैंप का किया आयोजन



**पिहोवा।** राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस के उपलक्ष में रोटरी क्लब पिहोवा द्वारा एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व रोटरी क्लब के नवनियुक्त प्रधान डॉ. अमित अरोड़ा ने किया। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी के सुपुत्र करण प्रताप सिंह बेदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। क्लब की ओर से मुख्य अतिथि का फूल मालाओं और पुष्प कुछ देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि करण प्रताप सिंह बेदी ने सभी रोटरी सदस्यों को डॉक्टर दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और इस दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह दिन समाज में चिकित्सकों के योगदान को सम्मान देने हेतु मनाया जाता है। इस मौके पर पूर्व प्रधान दीपक बवेजा, सचिव गौरव बंसल, डॉ. अंकुर अग्रवाल, पूर्व सचिव गुरुप्रकाश माटा, आदि मौजूद रहे।

## निर्धारित समय में करें ऋण किस्तों का भुगतान : ऋतु वर्मा

- केंद्रीय सहकारी बैंक द्वारा सेक्टर 13 की शाखा में लगाया गया लोन मेला
- लोन मेले में बैंक के महाप्रबंधक सुनील पातड़ ने बैंक द्वारा चलाई गई योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नाबार्ड अंबाला कलस्टर की जिला विकास प्रबंधक ऋतु वर्मा ने कहा है कि उपभोक्ता निर्धारित समय के अंदर अपनी किस्तों का भुगतान करें और बैंक द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाएं। केंद्रीय सहकारी बैंक समाज के विभिन्न वर्गों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए कई योजनाएं चला रहा है। ये योजनाएं छोटे व्यवसायी, किसानों, महिलाओं, दुकानदारों और विकलांग व्यक्तियों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण साबित हो रही हैं। वे केंद्रीय सहकारी बैंक द्वारा सेक्टर 13 की बैंक शाखा में लगाए गए लोन मेले में आए उपभोक्ताओं और लोगों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने इस मौके पर केंद्रीय सहकारी बैंक की योजनाओं का हवाला दिया और बताया कि ये योजनाएं उपभोक्ताओं के लिए कारगर साबित हो रही हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे बैंक द्वारा दिए गए ऋण को समय पर अदायगी करें। ताकि उन्हें अतिरिक्त ब्याज ना देना पड़े। केंद्रीय सहकारी बैंक के महाप्रबंधक सुनीत पातड़ ने केंद्रीय सहकारी बैंक द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की लोन मेले में आए हुए लोगों को जानकारी दी।



**कुरुक्षेत्र।** केंद्रीय सहकारी बैंक द्वारा सेक्टर 13 की शाखा में लगाया गया लोन मेला।

### ऋण का सदुपयोग कर भविष्य सुनिश्चित करें

बैंक द्वारा चलाई जा रही ऋण स्कीमों और बैंक में जमा राशि बचत खाते के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय सहकारी बैंक अन्य बैंकों की अपेक्षा बैंक में ऋण जमा कराने वाले उपभोक्ताओं को अधिक ब्याज मुहैया कराता है और वहीं ऋण सस्ती दर पर दिया जाता है। बैंक द्वारा जमा राशि पर आकर्षक ब्याज दिया जाता है। उन्होंने ऋणी सदस्यों से अनुरोध किया कि वे ऋण का सही उपयोग करें और ऋण की किस्तें समय पर जमा कराएं। लोन मेले में आए उपभोक्ताओं को ऋण पत्र सौंपने के बाद महाप्रबंधक सुनील पातड़ ने कहा कि वे बैंक द्वारा लिए गए ऋण का सदुपयोग कर अपना भविष्य सुनिश्चित करें।

## अन्नपूर्णा दिवस पर वितरित किया भोजन

- रोटरी क्लब ने किया विभिन्न प्रकल्पों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

रोटरी क्लब द्वारा डॉक्टर्स-डे एवं अन्नपूर्णा दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रकल्पों का आयोजन किया गया। क्लब के नवनियुक्त प्रधान डा. आरएस घुम्मन ने बताया कि सर्वप्रथम सत्र की शुरूआत श्रीमद् देवी शाकुम्भरी मंदिर प्रांगण में हवन-यज्ञ द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि हवन उपरांत जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित किया गया। डा. घुम्मन ने बताया कि इसी उपलक्ष्य में क्लब के सदस्यों द्वारा सिद्धार्थ अस्पताल में भी मरीजों को फल वितरित किए गए। सिद्धार्थ अस्पताल के संचालक डा. दीपक शर्मा ने क्लब के प्रधान डा. आरएस घुम्मन का आभार व्यक्त किया। डा. दीपक शर्मा ने कहा कि रोटरी क्लब निरंतर समाजसेवा के कार्यो में अग्रणी रहता है। डा. आरएस घुम्मन ने कहा कि उन्हें एक बार फिर क्लब का प्रधान नियुक्त किया गया है, और वह अपने पद का निष्ठा से निर्वहन करते हुए और अधिक प्रोजैक्ट करने और जरूरतमंदों की हर संभव सहायता करने का प्रयास करेगें। इस मौके पर एसिसेंट गवर्नर डा. एसएस आहुजा, राज कुमार गर्ग, एससी सिंगला, वीरेंन्द्र ठुकराल, डा. सतीश गर्ग, अधिवक्ता आरडी गुप्ता, एसएस खुराना, सुरेन्द्र जैन, डा. पीयूष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



## स्वच्छता के प्रति नागरिकों को किया जा रहा है शिक्षित : सतेंद्र सिवाच

- अभियान चलाकर कचरे का संग्रह, परिवहन और निपटान किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला नगर आयुक्त सतेंदर सिवाच ने कहा कि नागरिकों को स्वच्छता के प्रति शिक्षित किया जा रहा है ताकि वो महत्व को समझते हुए जागरूक हो सकें। मानसून को देखते हुए जल जनित और वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाना है। इसके लिए अभियान चलाकर कचरे का संग्रह, परिवहन और निपटान किया जाना है। सभी सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार प्रदेश में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला कुरुक्षेत्र में उपायुक्त नेहा सिंह के दिशानिर्देश में देखरेख में सरकारी मिडिल स्कूल गांधी नगर के विद्यार्थियों को सफाई के बारे में जागरूक किया गया। इस अभियान की शुरूआत गांधी नगर वार्ड 3 से पार्षद सिमरन, सौरभ और कीर्ति नगर वार्ड 4 से पार्षद कमल किशोर, प्रवीन की अगुवाई में किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 6, 7 और 8 के बच्चे उपस्थित हुए। नगर परिषद थानेसर से मुख्य सफाई निरीक्षक जितेन्द्र नरवाल, सफाई निरीक्षक प्रदीप शर्मा, राजेश चुग, राजन छाबड़ा और आईईसी एक्सपर्ट बीरेंद्र कुमार भारद्वाज के द्वारा बच्चों को हाथ स्वच्छ, शौचालय स्वच्छ, नालियां स्वच्छ, आस पड़ोस स्वच्छ, सार्वजनिक स्थल स्वच्छ और घर स्वच्छता के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

## कैनड बटन मशरूम पर जीएसटी को लेकर सीएम से की मुलाकात

- 11 मशरूम प्रसंस्करण यूनिटस को 105 करोड़ रुपये का बकाया जीएसटी जमा करने के नोटिस को लेकर जताया जा रहा विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

प्रदेश की लगभग 11 मशरूम प्रसंस्करण यूनिटस को 105 करोड़ रुपय का बकाया जीएसटी जमा करने का नोटिस मिलने के बाद संचालक लगातार विरोध जता रहे है। इसी कड़ी में मशरूम उत्पादन क्षेत्र में अग्रणी हरपाल सिंह बाजवा के नेतृत्व में संचालकों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात की। हरपाल सिंह बाजवा के साथ पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को बताया कि जीएसटी के तहत कैनड बटन मशरूम के एचएसएन कोड में किए जा रहे अनुचित वर्गीकरण से मशरूम उत्पादन करने वाले किसानों और प्रसंस्करण यूनिटस को भारी नुकसान हो सकता है। एचएसएन कोड की अस्पष्टता के कारण प्रोसेसिंग यूनिट लगातार दबाव में है। जिससे ये लोग काम लंबे समय तक काम नही कर पाएंग। इससे किसान की मशरूम की उपज खतरे में होने के साथ-साथ हजारों छोटे मशरूम उत्पादक भी बेरोजगार हो जाएंगे। किसान को उसकी फसल का उचित मूल्य तभी मिल पाएगा जब प्रोसेसिंग चैनल बिना बाधा के सुचारू रूप से चले। हरपाल सिंह बाजवा ने बताया कि करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने भी मशरूम प्रसंस्करण यूनिट संचलितों की मांग का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री से मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया।





**शाहबाद।** डॉक्टरो को सम्मानित करते रोटरी क्लब के प्रधान व अन्य अतिथिगण।

### रोटरी क्लब ने डॉक्टर्स डे और चार्टर्ड अकाउंटेंट डे पर किया सम्मान समारोह

**शाहबाद।** रोटरी क्लब की ओर से लाडवा रोड स्थित एंबिएंस रिजॉर्ट में डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट डे धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर 50 डॉक्टरों और 4 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के साथ ही सिद्धार्थ हॉस्पिटल में एक विशेष मैडिकल चैकअप कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें 192 मरीजों की ब्लड शुगर, बी. पी. आदि की जांच की गई। कार्यक्रम में हरियाणा हैल्थ सर्विस के निदेशक डॉक्टर सुखवीर सिंह महला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नीलम हॉस्पिटल के डॉक्टर नितिन गुप्ता गेस्ट ऑफ ऑनर रहे, जबकि डॉक्टर प्रवीण गर्ग ए. डी. गांधी ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। रोटरी क्लब के प्रधान डॉक्टर आर.एस. घुम्मन ने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया और उनके समाजहित में किए गए कार्यों की सराहना की। मंच का संचालन डॉक्टर एस एस आहुजा ने कुशलता से किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर दीपक शर्मा ने सभी अतिथियों का परिचय देते हुए उनके कार्यों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि बीमार होने पर डॉक्टर की सलाह लेना सबसे जरूरी होता है।



### नैतिक मूल्यों के पतन के कारण ही आए दिन खौफनाक करतूतें सामने आ रही : डा. संतोष

**कुरुक्षेत्र।** नैतिक मूल्यों के पतन के कारण ही आए दिन खौफनाक करतूतें सामने आ रही है। इसलिए युवाओं को भटकाव से बचाकर संयमित, विवेकी और जिम्मेदार नागरिक बनाने की जिम्मेदारी केवल एक व्यक्ति पर नहीं है बल्कि माता-पिता के साथ- साथ अध्यापकों और समाज को एकजुट होकर इस जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा ताकि युवा का नैतिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास कर उसे अच्छा नागरिक बनाया जा सके। ये शब्द विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठित शिक्षिका प्रोफेसर डॉ. संतोष दहिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि आज का युवा वर्ग तेजी से भावनात्मक भटकाव, सोशल मीडिया के दुरुपयोग और रिश्तों की गलत समझ की ओर बढ़ रहा है, जिसका खामियाजा कभी-कभी पूरे जीवन को भुगतना पड़ता है। डॉ. दहिया ने हाल की रोहतक नरवाल,पानीपत शीतल चौधरी घटना का उदाहरण देते हुए स्पष्ट किया कि कैसे अंधा प्रेम, असंयम और अविवेकी फैसले न केवल एक जीवन को खत्म करते हैं, बल्कि परिवार और समाज को भी हिला कर रख देते हैं। डॉ. दहिया ने कहा कि भविष्य गढ़ने की उम्र में अगर युवा दिशा भटक जाए, तो प्रतिभा अपराध में बदल जाती है। यही रोकने के लिए हमें नैतिक शिक्षा, आत्मचिंतन और संवाद की संस्कृति अपनानी होगी।

**पहल** | आयुष विश्वविद्यालय में पंचकर्म चिकित्सा और आयुर्वेदिक औषधियों से किया इलाज

# व्हीलचेयर से पैरों पर लौट आई जिंदगी, बिना सर्जरी के महिला को मिला नया जीवन

2022 में खोई चलने-फिरने की क्षमता, हर जगह सर्जरी की मिली सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उम्मीद जहां खत्म होती है,वहीं से आयुर्वेद शुरूआत करता है। ऐसे उदाहरण श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में देखने को मिल रहे हैं। कुरुक्षेत्र जिले के गांव गुमथला की 35 वर्षीय कविता को साल 2014 में डिलीवरी के बाद हल्का कमर दर्द शुरू हुआ,जो कुछ समय दवाइयों से ठीक हो गया। लेकिन समय के साथ दर्द बढ़ता गया और 2022 में हालत इतनी बिगड़ गई कि कविता चलने-फिरने की क्षमता खो बैठी और बिस्तर पर पड़ी कविता अब व्हीलचेयर पर निर्भर हो चुकी थी। कविता के पति गुरदेव ने पत्नी के इलाज के लिए हर संभव प्रयास किया। उन्होंने कुरुक्षेत्र, कैथल, दिल्ली, चंडीगढ़, मोहाली और पंचकुला जैसे शहरों के विशेषज्ञ डॉक्टरों से संपर्क किया। हर जगह एक ही सलाह मिली-'सर्जरी करवानी पड़ेगी'। क्योंकि कविता की रीढ़ की हड्डी से एल-4, एल-5 डिस्क बाहर की तरफ निकल गई थी और सेकेंडरी स्पाइनल कैनाल स्टैनोसिस हो गया था। सर्जरी के डर के चलते कविता के पति गुरदेव मानसिक रूप से टूट चुके थे और पत्नी को दर्द से कराहते देख गुरदेव ने आखिरकार कुरुक्षेत्र के एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन कराने का मन भी बना लिया था। इसी बीच, एक परिचित ने उन्हें श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय (कुरुक्षेत्र) के पंचकर्म विभाग के प्रोफेसर डॉ.राजा सिंगला का नाम सुझाया। 22 अगस्त 2024 को अंतिम उम्मीद के तौर पर गुरदेव अपनी पत्नी को व्हीलचेयर पर आयुष विश्वविद्यालय लेकर पहुंचा। यहां प्रो. राजा सिंगला और उनकी टीम ने कविता की जांच के साथ-साथ एमआरआई रिपोर्ट का गहराई से विश्लेषण किया। रिपोर्ट में स्पष्ट था कि कविता को छ4-छ5 लेवल पर डिस्क बल्ज है, जिसकी वजह से सेकेंडरी स्पाइनल कैनाल स्टेनोसिस हो गया था। इसकी वजह से रीढ़ की हड्डी पर दबाव बन रहा था। स्ट्रेट लेग रेजिंग टेस्ट में कविता का पैर मात्र 10 डिग्री तक ही उठ पाया।



डा. राजा सिंगला।



कविता

### आयुर्वेद से मिला संजीवनी समाधान

डॉ. राजा सिंगला की देखरेख में कविता को करीब एक महीने के लिए आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेदिक अस्पताल में भर्ती किया गया। यहां पंचकर्म चिकित्सा, महानारायण तेल से कटी बस्ति, ग्रीवा बस्ति, निरुह बस्ति और आयुर्वेदिक औषधियों का सेवन कराया गया। उपचार के 25वें दिन से कविता में धीरे-धीरे सुधार दिखने लगा और आज 75 फीसदी तक रिकवरी के साथ कविता बिना सहारे चलने, उठने और घर के सभी काम करने में सक्षम हो चुकी है। डॉ.राजा सिंगला ने बताया कि यह केस आयुर्वेद की शक्ति का प्रमाण है। जहां लोग सर्जरी को अंतिम विकल्प मानते हैं, वहीं सही निदान,परंपरागत चिकित्सा विधियों और धैर्य से चमत्कारिक सुधार संभव है। कविता का आत्मविश्वास लौट आया है।

### यह वैद्यों के समर्पण का परिणाम: प्रो. धीमान

आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान ने बताया कि यह केस आयुर्वेद की जीवंत प्रभावशीलता और वैज्ञानिकता का प्रमाण है। जब आधुनिक चिकित्सा पद्धतियां सर्जरी को अंतिम विकल्प मान रही थी,तब आयुर्वेद ने बिना चीर-फाड़ के न सिर्फ रोग को नियंत्रित किया, बल्कि रोगी को पुनः सामान्य जीवन में लौटाया। यह श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के चिकित्सकों की विशेषज्ञता और समर्पण का परिणाम है।

## खबर संक्षेप

### पौधारोपण अभियान चलाया गया

**अंबाला।** आईओसीएल व सेंबर सोसायटी के प्रेजिडेंट अशोक कक्कड़ व प्रिंसिपल मुनीश गुप्ता की अध्यक्षता में कल्पना चावला गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज सिविल लाइन में पौधा रोपण आभियान किया गया। इस अवसर पर विभिन प्रकार के लगभग 100 पौधे लगाए गए। इनमें आयुर्वेदिक एवं विभिन फलों के पौधे लगाए गए। सोसायटी के संस्थापक डॉ केआर भारद्वाज ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए बताया की पोधों का हमारे जीवन में बहुत बड़ा योगदान है।

### 100 रुपये में मिलेगा सरसों का तेल

**अंबाला।** जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक निशांत राठी ने बताया कि महानिदेशक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निर्देशानुसार लाभार्थियों में वितरित किए जाने वाले फोर्टिफाइड सरसों के तेल का उपभोक्ता मूल्य 40 रुपये प्रति दो लीटर से बढ़ाकर 100 रुपये र निर्धारित कर दिया गया है। मास जुलाई-2025 से सभी पीडीएस लाभार्थियों में 2 लीटर सरसों तेल 100 रुपये के हिसाब से वितरित किया जाएगा।

### नवोदय विद्यालय में 29 तक करें आवेदन

**अंबाला।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कौंला के प्राचार्य अजय कुमार लिमल ने बताया कि विद्यालय के कक्षा छठी के प्रवेश हेतू परीक्षा 2026 के अभ्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 तक है। जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा की तिथि दिनांक 13 दिसंबर 2025 है। अभ्यार्थी की आयु 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के मध्य होनी चाहिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अभ्यार्थी जिले में कक्षा 5वीं में अध्ययन किया होना चाहिए।

### कल लगेगी बिजली अदालत

**अंबाला।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला शहर के अधीक्षक अभियंता कार्यालय में बिजली अदालत 3 जुलाई 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस बैठक की निगम के अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल करेंगे। कोई भी उपभोक्ता अपनी बिजली से संबंधितत शिकायत रख सकता है। मौके पर ही हर शिकायत का समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

### सरसों के तेल की कीमतों बढ़ाकर कमर तोड़ी



मीडिया से बातचीत करते कांग्रेसी नेता एडवोकेट रोहित जैन व अन्य।

**अंबाला।** राज्य सरकार प्रदेश की जनता को एक के बाद एक महंगाई के झटके देकर उसकी कमर तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ दी। बिजली बिलों में बढ़ौतरीके बाद अब राज्य सरकार ने बीपीएल परिवारों को मिलने वाले सरसों के तेल में रिकॉर्ड इजाफा कर लोगों के सामने नया आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने सरकार की ओर से जनता पर ढहाए जा रहे आर्थिक जुल्म की जमकर आलोचना की है। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में आने के बाद अपने तमाम चुनावी वायदे भूलकर अब जनता से जमकर बदला ले रही है। उन्होंने कहा कि बीपीएल परिवारों को 40 रुपये में मिलने वाला सरसों का तेल अब 100 रुपये में मिलेगा। बीपीएल परिवारों को मिलने वाले सरसों के तेल की कीमतों में सरकार की ओर से अढ़ाई गुणा बढ़ौतरी की गई है। जैन ने कहा कि सरकार के इस अनुचित फैसले से प्रदेश के 47 हजार बीपीएल परिवारों पर असर पड़ेगा। महंगाई से उनकी जिंदगी प्रभावित होगी।

# बरसाती सीजन में जलभराव से निपटने के लिए 56 पंपों की व्यवस्था

## हर ड्रेनों की समुचित सफाई करने के आदेश, नागरिकों को बरसाती सीजन में नहीं होनी चाहिए कोई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सीएम सैनी ने वीसी के जरिए डीसी से बरसात के चलते हुए जल भराव की जानकारी ली। साथ ही ड्रेनों की सफाई व ज्यादा बरसात होने या पहाड़ी क्षेत्र से पानी आने के चलते स्थिति से निपटने के लिए अधिकारियों को जरुरी बंदोबस्त करने के भी आदेश दिए हैं। इस मौके पर सीएम के प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा भी मौजूद रही। मुख्यमंत्री ने पिछले तीन दिनों से हुई बरसात को लेकर हुए जलभराव की विस्तार से जानकारी ली।

**खास बातें**

- डीसी ने सीएम सिंह नायब सैनी को दी जानकारी
- सीएम ने कहा कि किसी भी एरिया में नहीं होना चाहिए जलभराव

**सभी ड्रेनों की सफाई होना हो सुनिश्चित**




अंबाला। वीसी के दौरान मौजूद प्रशासनिक अधिकारी।

**शिकायतों का करें समाधान**

उन्होंने कहा कि सभी ड्रेनों की सफाई होना सुनिश्चित होनी चाहिए। कुछ दिनों में भारी बरसात होने की संभावना है। इसके दृष्टिगत सभी तैयारियां दुरूस्त होनी चाहिए ताकि यदि पानी आता है तो उसकी निकासी समुचित हो सके। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर समाधान शिविरों में जो शिकायतें लंबित हैं उसकी भी समीक्षा की। उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर सभी शिकायतों का समाधान करने के आदेश दिए। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने मुख्यमंत्री को बताया कि जिला में पिछले तीन दिनों में जो वर्षा हुई थी उसके चलते कहीं पर भी जल भराव की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई है। सभी विभागों की तैयारियां ठीक हैं। पंपों के माध्यम से पानी की निकासी सुगमता से हो गई है।

**टांगरी नदी को गहरा करवाया गया**

सभी ड्रेनों की सफाई भी हो चुकी है। उन्होंने यह भी बताया कि रेलवे और एनएचएआई विभाग के क्षेत्र से जो नाले व नालियां गुजर रही थी उन्हें भी बेहतर समन्वय के साथ साफ करवाया गया है। टांगरी नदी को नियमानुसार गहरा करवाया गया है। वहां से जो मिट्टी उठाने का कार्य किया गया है उसे रिंग रोड से जुड़ी सड़क के लिए प्रयोग की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए 56 पंप उपलब्ध हैं। इनमें अंबाला शहर में 41, वाटिका क्षेत्र अंबाला शहर में 1, अंबाला सदर के लिए 5, बराड़ा के लिए 4 व नारायणगढ़ के लिए 5 पंप उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यह सभी पंप चालू हैं। पंपों के माध्यम से बरसाती पानी की निकासी करने का काम किया गया है। बाढ़ प्रबंधन के लिए कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग भी यह सुनिश्चित करे कि जल जनित जो बीमारियां उत्पन्न होती हैं उसे रोकने बारे आवश्यक कदम पहले से ही उठाना सुनिश्चित करें।

**बैठक में ये रहे मौजूद**

बैठक में नगर निगम आयुक्त वीरेंद्र लाठर, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार, एसडीएम शाश्वत सांगवान, नगराधीश अभिषेक गर्ग, अतिरिक्त नगर निगम आयुक्त दीपक सूरा, सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता मुनीष, डीआरओ राजेश ख्यालिया, कार्यकारी अभियंता हरबंस सिंह, कार्यकारी अभियंता कृष्ण कुमार भी मौजूद थे।

## कब्जे की कार्रवाई के लिए लोगों को दिए गए थे नोटिस

# 22 एकड़ जमीन पर कब्जा लेने पहुंची कैंटोनमेंट बोर्ड की टीम पर चले ईंट-पत्थर

**दो साल पहले कब्जाधारकों के खिलाफ अदालत दे चुकी है फैसला**

- पत्थरबाजी के बाद कर्मचारियों को भागकर अपनी जान बचानी पड़ी
- कब्जाधारक बोले कार्रवाई के दौरान सब्जी की फसल तबाह
- आक्रोशित लोगों का आरोप रहा कि पिछले 100 साल से वह यहां पर कर रहे हैं खेती




अंबाला। कैंटोनमेंट बोर्ड की टीम पत्थर बरसाते लोग। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के तोपखाना परेड में बुधवार को कैंटोनमेंट बोर्ड की 22 एकड़ जमीन पर कब्जे को लेकर पत्थरबाजी हो गई। बोर्ड की टीम जमीन पर कब्जा लेने पहुंची थी। इस दौरान टीम पर स्थानीय लोगों ने पत्थरबाजी कर दी। पत्थरबाजी के बाद कर्मचारियों ने भागकर अपनी जान बचानी पड़ी। बिगड़े हालात के बाद पुलिस ने मोर्चा संभाला तो भीड़ को तितर बितर किया। पत्थरबाजी में किसी को भी चोट नहीं आई। आक्रोशित लोगों का आरोप रहा कि पिछले 100 साल से वह यहां खेती कर रहे हैं। उनकी सब्जियों की फसल भी तैयार थी। फसल निकालने के लिए कैंटोनमेंट बोर्ड ने समय तक नहीं दिया। इस दौरान कब्जाधारकों ने बताया कि वे बोर्ड के कर्मचारियों से सब्जियां निकालने की गुहार भी लगाते रहे मगर इन्होंने एक नहीं सुनी। जेसीबी चलाकर 22 एकड़ में फसल को बर्बाद कर दिया। इस दौरान क्षेत्र में तनाव के हालात बन गए हैं। मौके पर मौजूद कैंटोनमेंट बोर्ड के अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद ने बताया कि यह मामला कोर्ट में विचाराधीन था। दो साल पहले इस पर फैसला आया था। इसके बाद लोगों को लगातार नोटिस देकर जमीन खाली करने को कहा गया। अभी कुछ दिन पहले भी एक नोटिस दिया गया था जिसमें लोगों को अपनी फसल हटाने के लिए भी कहा गया था। लोगों ने नोटिस पर ध्यान नहीं दिया। अब रक्षा मंत्रालय से जैसे ही आदेश आए तो तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए 22 एकड़ की जमीन पर कब्जा ले लिया गया। अभी जांच टीम पर पत्थर बरसाने वालों के खिलाफ पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। अगर बोर्ड की ओर से कोई शिकायत आई तो पत्थर बरसाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**अपराधी युवाओं को विदेश भेजने का भी दे रहे हैं लालच**

## पांच हजार रुपये देकर सब्जी मंडी में चलवाई गई थी गोली, आरोपी काबू

- पुलिस ने आरोपित को दो दिन के रिमांड पर लिया, मामले में गहनता से कर रही पूछताछ




अंबाला। फायरिंग करने के मामले में पकड़ा गया उमित गुप्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नारायणगढ़ की सब्जी मंडी में फायरिंग करने के मामले में सीआईए-1 एक आरोपी उमित गुप्ता को काबू किया है। पकड़े गए आरोपी पर पैसों व विदेश भेजने का लालच देकर नौजवान लडकों को गुमराह करने का आरोप है। यमुनानगर के आजाद नगर का रहने वाले उमित गुप्ता को पुलिस ने पूछताछ के लिए दो दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपी से मामले में गहनता से पूछताछ हो रही है। शुरूआती पूछताछ में आरोपी ने बताया कि विदेश में बैठे एक अपराधी के साथ वह कुछ समय जेल में रहा है। इसी वजह से उसकी जान पहचान हो गई । विदेश भाग जाने के बाद उस अपराधी ने उसको कहा कि वह गोली चलवाने के लिए पैसों व विदेश भेजने का लालच देकर नौजवान लडकों को तैयार करे। आरोपी उमित गुप्ता ने वारदात के लिए कुछ लडकों को कुल पांच हजार रूपये दिए थे। विदेश में बैठे अपराधी के कहे अनुसार लडकों को तैयार करके नारायणगढ़ की सब्जी मंडी में गोली चलवाई गई थी। पुलिस इस मामले में संलिप्त अब तक मुख्य आरोपियों सहित कुल छह को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे भेज चुकी है। एसपी अजीत सिंह शेखावत ने सख्त चेतावनी दी गई है कि जो व्यक्ति विदेश में बैठे अपराधियों का किसी भी प्रकार का सहयोग देता है उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सहयोग देने वाले आरोपियों के खिलाफ संगठित अपराध की धाराओं के तहत केस दर्ज किया जाएगा। मामले से यह बात सामने आई है कि अपराधी पैसों व विदेश भेजने का लालच देकर नौजवान लडकों को गुमराह करके उनके भविष्य को खराब कर रहे हैं। अपराधी न तो उन्हें पैसे देते हैं न ही वो उन्हें विदेश भेजते हैं। सिर्फ लालच देकर नौजवान लडकों के भविष्य को खराब किया जा रहा है।



अंबाला। पदक हासिल करने वाले छात्र प्रिंसिपल के साथ।

## तैराकी प्रतियोगिता में दो छात्रों ने एक गोल्ड मेडल के साथ 17 पदक जीते

अंबाला। जिला स्तर पर तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन अंबाला छावनी के वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम में हुआ। इस प्रतियोगिता मे लगभग अलग-अलग वर्गों के 400 छात्रों ने भाग लिया। डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल के दो छात्र-छात्रा ने प्रतियोगिता में कई पदक प्राप्त कर विद्यालय तथा माता पिता का नाम रोशन किया है। कक्षा दसवीं के तेजस्वीर ने (अंडर 17) मे विभिन्न वर्गों मे भाग लेते हुए छह सिल्वर व एक कांस्य पदक प्राप्त किया। कक्षा नौवीं की छात्रा शक्ति ने (अंडर 14) में विभिन्न वर्गों की तैराकी मे भाग लेकर छह सिल्वर पदक, दो कांस्य पदक व एक गोल्ड पदक प्राप्त किया है। इन दोनों छात्रों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

## एक्सईएन का सस्पेंशन लेटर जारी, पंचकूला ऑफिस से अटैच

**अंबाला।** नारायणगढ़ में तैनात एक्सईएन को बिजली निगम की ओर से सस्पेंशन लेटर जारी कर दिया गया है। एक्सईएन को सस्पेंड कर पंचकूला ऑफिस से अटैच कर दिया गया है। बता दें कि अंबाला छावनी के फीनिक्स क्लब में लोअर टीशर्ट पहनकर ही एक्सईएन हरीश कुमार पहुंच गए थे। इसके बाद स्टाफ ने उनको क्लब से बाहर निकाल दिया। इस बात से गुस्साए एक्सईएन ने क्लब की बिजली का कनेक्शन कटवा दिया था। क्लब चेयरमैन की शिकायत पर बिजली मंत्री अनिल विज ने एक्सईएन को सस्पेंड कर दिया था। जारी किए गए सस्पेंशन लेटर में लिखा है कि हरीश कुमार गोयल एक्सईएन/ओपी, डिवीजन, यूएचबीवीएनएल नारायणगढ़ को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। उनका मुख्यालय मुख्य अभियंता/प्रशासन, यूएचबीवीएनएल, पंचकूला के कार्यालय में निर्धारित है। वे बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। निलंबन अवधि के दौरान, एक्सईएन को हरियाणा सिविल सेवाएं (सामान्य) नियम, 2016 के अध्याय-7 के नियम 83 के तहत स्वीकार्य जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

## बस अड्डे पर चला नशे के खिलाफ अभियान

**कहा-नशे की वजह से परिवार व समाज हो रहे बर्बाद, युवाओं की हो रही है जिंदगी खराब**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से नशे के खिलाफ जागरुकता अभियान चलाया गया। इस कड़ी में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बस अड्डे पर युवाओं एवं जन साधारण को एकत्रित कर नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। यहां अपने संबोधन में वर्मा ने उपस्थित समूह को कहा कि नशे के कारण घर और परिवार, समाज बहुत अधिक प्रभावित हो रहा है। घर बिखर रहे हैं।

समय से पूर्व युवा नशे की दलदल में जाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने पर उतारू हैं। उन्होंने प्रतिबंधित और चेतावनी युक्त दो प्रकार के नशों को परिभाषित करते हुए कहा कि यद्यपि दोनों प्रकार बहुत अधिक घातक है तो भी प्रतिबंधित बहुत ही अधिक क्षतिकारक है। उन्होंने हुक्के पर भी अपनी बात रखते हुए कहा कि यह भी समाज में एक भ्रान्ति के रूप में बढ़ रहा है। इसका भी त्याग बहुत अधिक आवश्यक है। उन्होंने आगे बताया कि कोई भी व्यक्ति ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 पर संपर्क कर सकता है। इसके अलावा एनसीबी मानास पोर्टल पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं देकर सच्चे नागरिक का कर्तव्य निर्वहन कर सकता है।



अंबाला। बस अड्डे पर युवाओं को नशे के खिलाफ जागरुक करते डॉ. अशोक वर्मा। फोटो: हरिभूमि

## साइबर ठगी के दो मामलों में छह आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

थाना साइबर क्राइम में दर्ज साइबर फ्रॉड के मामले में पुलिस ने आरोपी हर्षवर्धन सिंह, रूप सिंह, अशोक व संजय कुमार को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सभी आरोपी राजस्थान के बताए जा रहे हैं। आरोपियों को पुलिस ने तीन दिन के रिमांड पर लिया। अंबाला छावनी की डिफेंस कॉलोनी के रहने वाले हेमंत कुमार ने 6 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 14 दिसंबर 2024 से 31 दिसंबर 2024 के दौरान आरोपियों ने ऑनलाइन बैंक चार्जिंग कटवाने के मामले में उसे झांसा देकर उससे 24 लाख 60 हजार रूपये ठग लिए हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अतिरिक्त एक अन्य मामले में पुलिस ने आरोपी राकेश कुमार व सुमीत कुमार को गिरफ्तार किया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**परेशानी** घनी झाड़ियों की वजह से सांप व अन्य जानवरों का खतरा, शौचालय पर भी ताला

# बदहाली पर आंसू बहा रहा है पार्क बेसहारा पशुओं ने कब्जाया, अब बच्चे व बुजुर्ग आने से लगे डरने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

नगरपालिका कार्यालय के प्रांगण में बना पार्क बदहाली पर आंसू बहा रहा है। इस पार्क में बच्चों के खेलने के लिए झूले व अन्य उपकरण तो लगाए गए हैं लेकिन सफाई और देखभाल के अभाव में ये अव्यवस्था के शिकार हो गए। पार्क में चारों ओर घास और झाड़ियां उग आई हैं। जगह-जगह उखड़े हुए सीमेंट ब्लॉक और बेतरतीब पड़ी सूखी टहनियां नज़रों में साफ़ आती हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि पार्क में बेसहारा पशु भी घूमते नजर आते हैं। इससे न सिर्फ बच्चों की सुरक्षा पर खतरा मंडराता है बल्कि आमजन के लिए पार्क में टहलना या बैठना भी मुश्किल हो गया है। यहां उगी घास, कचरा और खुले में घूमते मवेशी बच्चों की खेल गतिविधियों में बाधा उत्पन्न करते हैं। माता-पिता भी अपने बच्चों को पार्क भेजने से कतराने लगे हैं। पार्क में रखे गए बेंच भी जर्जर हालत में हैं। यहां रहने वाले रमेश, सोनी, जसपाल का कहना है कि नगरपालिका कार्यालय परिसर में स्थित इस एकमात्र पार्क की दुर्दशा के लिए सीधे तौर पर प्रशासन जिम्मेदार है। उनकी मांग है कि तुरंत इस पार्क की सफाई कराई जाए। साथ ही यहां पशुओं की एंट्री पर सख्ती से रोक लगाई जाए। नगर पालिका परिसर में बने एकमात्र सार्वजनिक शौचालय को प्रतिदिन शाम क़रीब 5 बजे के बाद ताला लगा बंद कर दिया जाता है। इससे पार्क में घूमने आने वाले बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शाम के समय लोग पार्क में टहलने या बच्चों को खेलने के लिए लेकर आते हैं लेकिन इस दौरान शौचालय की सुविधा उपलब्ध न होने से उन्हें असुविधा होती है। खासकर महिलाओं व बुजुर्गों के लिए यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है।



बराड़ा। पार्क में घूमते आवारा पशु। फोटो: हरिभूमि